हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 27 मार्च 2026

06 खेल परिसर बना अव्यवस्थाओं का अड्डा...



09 उज्जैन रोड बायपास पर पुराने टायर गोदाम में...





## खबर संक्षेप

### 28 मार्च को आयोजित होगा मेगा शिविर

**सीहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 28 मार्च को सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में प्रात 10:30 बजे से मेगा लीगल आउटरीच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। इस मेगा शिविर की मुख्य थीम मानसिक स्वास्थ्य एवं दिव्यांगजनों पर केन्द्रित होगी। शिविर में जिले के सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे और दिव्यांगजनों एवं नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायता उपकरण भी प्रदान किए जाएंगे। शिविर के आयोजन के संबंध में न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई और आयोजन के संबंध में चर्चा की गई।

### आज होगा महायज्ञ का ध्वजारोहण और यज्ञ शाला का भूमि पूजन

**सीहोर।** शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर में शुक्रवार को सुबह नौ बजे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला का भूमि पूजन किया जाएगा। पंडित कुणाल व्यास ने बताया कि संत माधव दास महाराज श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर के मार्गदर्शन में आगामी दिनों में होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई है। महायज्ञ के लिए शुक्रवार की सुबह नौ बजे शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर में पूर्ण विधि-विधान से ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला का भूमि पूजन का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

### सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा गुरुवार को अस्पताल पहुंचे, जाना मरीजों का हालचाल

# शादी के समारोह में 1200 रिश्तेदारों को भोज अचानक 200 लोगों की तबीयत बिगड़ गई

**पेट दर्द और उल्टी-दस्त से पीड़ित करीब 120 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि 50 का गांव में ही किया उपचार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

तहसील क्षेत्र के गांव बावड़ियां नोआबाद में बुधवार को आयोजित एक शादी समारोह में उस समय अफरा - तफरी मच गई, जब भोजन करने के बाद लोगों की तबीयत खराब होने लगी। देर रात बड़ी संख्या में लोगों को पेट दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर वह इछावर सिविल अस्पताल पहुंचने लगे। इस दौरान फ़ूड प्वाइजनिंग से प्रभावित करीब 120 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अचानक इतनी बड़ी संख्या में लोगों को फ़ूड प्वाइजनिंग होने की सूचना अस्पताल प्रबंधन ने जिला स्वास्थ्य विभाग को दी। तत्काल हरक़त में आए स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल से दो डॉक्टर सहित नर्सिंग स्टाफ की एक टीम अस्पताल भेजी। साथ ही एक टीम को गांव रवाना किया गया। जहां मरीजों का उपचार किया गया। फ़ूड प्वाइजनिंग से बच्चे, महिला और बुजुर्ग अधिक प्रभावित हुए हैं। फिलहाल मरीजों की हालत सामान्य बताई जा रही है जबकि अधिकांश मरीजों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार गांव बावड़ियां नोआबाद में राधेश्याम मेवाड़ा के पुत्र अनमोल का बुधवार शाम को विवाह समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें ग्रामीण सहित करीब 1200 रिश्तेदारों ने भोजन किया था, लेकिन इस दौरान देर रात बड़ी संख्या में लोगों को अचानक से पेट दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। इसके बाद वह इलाज कराने के लिए इछावर सिविल अस्पताल सहित इधर उधर निजी क्लिनिकों में पहुंचने लगे। फ़ूड प्वाइजनिंग के मरीजों की अचानक बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग एवं एसडीएम को घटना की सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही प्रशासन हरकत में आया और इस दौरान अस्पताल में दो वार्ड फ़ूड प्वाइजनिंग के मरीजों के लिए आरक्षित करते हुए 60 से अधिक मरीजों को भर्ती किया गया। जिला अस्पताल से 2 डॉक्टर , पेरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ की एक टीम अस्पताल भेजी गई । जबकि सीएचओ ( सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ) , एएनएम ओर आशा कार्यकर्ताओं की एक टीम को गांव में तैनात की गई । टीम ने गांव में ही करीब 50 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया। जिसके चलते स्थिति नियंत्रण में हो पाई। 50 से अधिक मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद गुरुवार को घर भेज दिया गया है। जबकि 2 बुजुर्ग मरीजों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जहां उनकी हालत भी सामान्य बताई जा रही है अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार फ़ूड प्वाइजनिंग से बच्चे, महिला और बुजुर्ग अधिक प्रभावित हुए हैं।



**इछावर।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा इछावर अस्पताल पहुंचे जहां पीड़ित मरीजों के हालचाल जाना ।




**इछावर।** सिविल अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती जिनका उपचार किया जा रहा है।



**इछावर।** उल्टी दस्त से हालत नाजुक होने के चलते महिला को व्हीलचेयर से बेड पर ले जाते हुए परिजन

### राजस्व मंत्री मरीजों से मिलने अस्पताल पहुंचे

घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा गुरुवार को अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मरीजों से भेंटकर जानकारी हासिल की । साथ ही उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान मंत्री श्री वर्मा ने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिए । साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद भाजपा युवा नगर मोर्चा अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा को मरीजों की हर संभव सहायता करने की बात कही।

### भोजन के सैंपल जांच के लिए भेजे

घटना की सूचना मिलने पर फ़ूड इंस्पेक्टर दीपाली कांगे मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर ने समारोह में बनी भोजन सामग्री के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए लेबोरेटरी भेजें है। इंस्पेक्टर दीपाली कांगे ने बताया कि भोजन में प्रयुक्त मशालें , मावा , दही , तेल आदि खरीदी के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मरीजों की स्थिति सामान्य...

घटना फ़ूड प्वाइजनिंग की है। इससे प्रभावित करीब 120 मरीज अपना इलाज कराने अस्पताल आए थे , इनमें से अधिकांश को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। दो बुजुर्ग मरीजों की हालत गंभीर थी इसके चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया । स्वास्थ्य अमले की एक टीम रात को ही गांव भेजी गई थी, जहां फ़ूड प्वाइजनिंग से प्रभावित करीब 50 मरीजों का उपचार किया गया। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

**डॉ. अंकित चांडक,** सीबीएमओ इछावर

## खाद्य विभाग के अधिकारी कर रहे पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का सघन निरीक्षण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के उद्देश्य से खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों के गोदामों, होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। आष्टा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल ने आष्टा के जिओ फिलिंग, परमार फिलिंग, प्रज्ञा फ्यूल्स, मेहर फिलिंग सहित अनेक पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध पाया गया। इसके साथ ही कोठरी में निरीक्षण के दौरान एक रेस्टोरेंट पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक दुरुपयोग पाए जाने पर घरेलू गैस सिलिंडर जब्त किया गया है। मृगी अग्रवाल ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा निरंतर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की निगरानी की जा रही है तथा वर्तमान में आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कोई बाधा नहीं है।

## प्रभारी मंत्री ने संकल्प से समाधान अभियान शुरू किया: बोलीं- सरकार ने गरीब, किसान, युवाओं के किए 1.11 लाख से अधिक आवेदन निराकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने इसका शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत जिले में अब तक 1,12,950 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से जिला प्रशासन ने 1,11,340 आवेदन पत्रों का निराकरण कर दिया है। शिविर के दौरान मंत्री कृष्णा गौर ने विभिन्न योजनाओं के 25 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित कर लाभान्वित किया। उन्होंने कार्यक्रम के आरंभ में 19 विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश की सरकार कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं सहित सभी के कल्याण तथा प्रदेश के विकास के लिए सतत प्रयासरत है। नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह 'संकल्प से समाधान' अभियान चलाया जा रहा है।

मंत्री गौर ने जिला प्रशासन की टीम द्वारा अभियान के तहत कर्तव्य निर्वहन में दिखाई गई गंभीरता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभियान इस बात का प्रतीक है कि सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहती है।

## बिजली कंपनी का वसूली अभियान, 28 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के वाहन जब्त

### बिजली बिल बकाया होने पर ट्रैक्टर किया गया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी ने बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए गांवों में सख्त अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत बिल जमा न करने वाले किसानों और ग्रामीणों के वाहन जब्त किए जा रहे हैं। कंपनी के कर्मचारी गनमैन के साथ गांवों में पहुंचकर कार्रवाई कर रहे हैं।

हाल ही में ग्राम बिलकिसगंज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। इस वीडियो में विद्युत कंपनी के 6-7 कर्मचारी गनमैन के साथ एक किसान के घर पहुंचे और मुश्किल से 5 मिनट के अंदर उसका ट्रैक्टर जब्त कर ले गए। किसान पर हजारों रुपये का बिजली बिल बकाया था, जिसका भुगतान न होने पर यह कार्रवाई की गई। इसी प्रकार, बिलकिसगंज वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम पाटनी, रालावती, हीरापुर, उल्झावन और भोजनगर में भी बकाया राशि के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई।



उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बकाया राशि की वसूली हेतु यह सख्त एवं आक्रामक अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यवाही के दौरान अब तक 28 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के वाहन जब्त किए गए हैं। इन उपभोक्ताओं पर लगभग 34 लाख रुपये की बकाया राशि थी। जब्त किए गए वाहनों में ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और अन्य सामान शामिल हैं। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया बिलों का भुगतान समय पर करें। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिल जमा न करने पर भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### सवा चार करोड़ से बनाया जाएगा क्रिकेट स्टेडियम, जारी किए दिशा निर्देश

# इछावर बाइपास रोड पर 6 एकड़ में होगा निर्माण कार्य, नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं से लेस स्टेडियम शीघ्र ही निर्मित हो जाएगा। सवा चार करोड़ रुपए से अधिक से बनाए जाने वाले स्टेडियम स्थल का निरीक्षण गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि राजधानी भोपाल में आधुनिक स्टेडियम है, उसी की तर्ज पर इस स्टेडियम का निर्माण कार्य किया जाएगा। यहां पर पिचों का निर्माण के साथ आधुनिक मशीनों के द्वारा खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियों से अवगत किया जाएगा। करोड़ों रुपए की लागत से बनाए जाने वाले स्टेडियम में मैदान पर घास व पानी की व्यवस्था कर मैदान बनाया जाएगा, इससे खिलाड़ियों के साथ बड़े आयोजन करने में सुविधा होगी। शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को इस स्टेडियम में खेल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।



क्रिकेटरों को 2027 से पहले आधुनिक स्टेडियम की सौगात मिलने वाली है। इसके लिए इछावर बाइपास रोड पर रेशम केन्द्र के पास तेजी से स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार, इंजीनियर विजय कोली के अलावा अन्य पार्षदों ने निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कराए जाने की बात कही।

शहर में खिलाड़ियों के खेलने के लिए स्टेडियम की सुविधा देने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने इछावर बाइपास रोड रेशम केन्द्र के पास करीब चार करोड़ 16 लाख की लागत से छह एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर यहां पर उपस्थित अमले ने बताया कि खेल मैदान की बाउंड्री का 80 प्रतिशत और बिल्डिंग का 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। 2027 से खिलाड़ियों को सौगात मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

करीब छह एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए निर्माण कार्य किए जाऐंगे। खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी स्टेडियम में रहेगी। शहर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इन क्षेत्र में अनेक खिलाड़ी ऐसे है जिन्होंने क्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। शहर में फुटबाल आदि का मैदान है, लेकिन क्रिकेट का बीएसआई के अलावा कोई भी आधुनिक मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास करने का मौका नहीं मिलता है। वहीं इसके निर्माण के साथ ही खेल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

## जब तक किसान फसल विक्रय ना कर दे, तब तक बिजली विभाग ना करे वसूली : राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने बयान जारी कर बताया कि सीहोर में बिजली विभाग द्वारा हिटलरशाही रवैया अपनाते हुए किसानों के ट्रैक्टर, गाडिय़ां घरों से उठाई जा रही हैं, कुर्की की कार्रवाई हो रही है और जिले की प्रभारी मंत्री को इसकी जानकारी ही नहीं।

गुरुवार को मण्डी नवीन सब स्टेशन का उद्घाटन करने आई सीहोर जिला प्रभारी श्रीमती कृष्णा गौर के द्वारा जब पत्रकार बन्धुओं द्वारा पुछा गया कि बिजली विभाग द्वारा किसानों के ट्रैक्टर, गाडिय़ां घरों से उठाई जा रही हैं, कुर्की की कार्रवाई हो रही है, तब प्रभारी मंत्री ने अनभिज्ञता जाहीर करते हुए कहा कि मेरे संज्ञान में नही मैं जिला प्रशासन इस मामले की जानकारी लेती हूं। इस पर श्री गुजराती ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिजली विभाग द्वारा की जा रही



कार्यवाही की जानकारी 72 घण्टों से मीडिया व सौशल मीडिया पर आ रही है और हैरानी की बात है कि प्रभारी मंत्री को इसकी कोई जानकारी तक नही है। जबकि उनके पीछे कलेक्टर महोदय और भाजपा के जनप्रतिनिधि खड़े हुए है, फिर भी इतना बड़ा मामला संज्ञान में न होना सच में हास्यास्पद है। अफसोस की बात तो यह है कि वर्तमान में किसान अपनी फसल कटाई मैं लगा हुआ है, ऐसी स्थिति में किसान कहाँ से बिजली विभाग का बकाया बिल जमा कर पायेगा। ऊपर से बिजली विभाग के ओवर स्मार्ट मीटर इतने स्मार्ट है कि बिल जमा होने के बाद भी कई जगह अपने आप लाइट काट रहे हैं। जनता परेशान है और जिम्मेदार लोग अनजान। ये स्मार्ट सिस्टम नहीं, पूरी तरह फेल सिस्टम है।

इसके साथ ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सीहोर जिला कालेक्टर महोदय को पत्र लिखकर किसानों को पेट्रोल पम्प पर डिब्बों और टंकियों में डीजल दिये जाने पर लीग रोक को हटाने की मांग की है। ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति यह है कि गाँवों में पेट्रोल पम्प उपलब्ध नही है, किसान अपने ट्रेक्टर, हार्वेस्टर व अन्य कृषि उपकरण चलाने के लिये डिब्बों में डीजल लेकर खेतों तक जाते हैं, ऐसे में पेट्रोल पम्प पर किसानों को डिब्बों और टंकियों में डीजल दिये जाने पर लगी रोक को तत्काल हटाई जावे।

## खबर संक्षेप



### स्व.श्री हरनाम सिंह कसोटिया को दी श्रद्धांजलि

**सीहोर।** मंगलवार को स्व. हरनाम सिंह कसोटिया को श्रद्धांजलि अर्पित करने मध्य प्रदेश के जल संसाधन विभाग में मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट आराकश मोहल्ले स्थित उनके निवास पर पहुंचे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर व भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने भी अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। उपस्थितजनों ने श्री कसोटिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दुःख व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। सभी ने स्वर्गीय श्री कसोटिया के जीवन एवं उनके सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और श्री सिलावट ने प्रार्थना की कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### 9 दिन बंद रहेगी कृषि उपज मंडी




**भैरुंदा।** आगामी त्योहारों, बैंक अवकाश और वार्षिक लेखाबंदी के चलते स्थानीय कृषि उपज मंडी में 26 मार्च से 3 अप्रैल तक लगातार 9 दिनों तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी समिति द्वारा जारी प्रेस नोट में इसकी जानकारी देते हुए किसानों और व्यापारियों को पूर्व में ही सतर्क रहने की सलाह दी गई है।प्रेस नोट के अनुसार 26 मार्च को दुर्गा अष्टमी, 27 मार्च को राम नवमी, 31 मार्च को महावीर जयंती, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती तथा 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के अवसर पर अवकाश रहेगा। इसके अलावा 28 मार्च को लेखाबंदी के कारण मंडी में नीलामी कार्य स्थगित रहेगा। अनाज तिलहन व्यापारी संघ (ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन) के आवेदन पर 30 मार्च को भी वार्षिक लेखाबंदी के चलते मंडी बंद रखने का निर्णय लिया गया है। वहीं 29 मार्च और 5 अप्रैल को साप्ताहिक अवकाश (रविवार) रहेगा।मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे इन तिथियों में अपनी फसल बिक्री के लिए मंडी न लाएं, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके। हालांकि 4 अप्रैल (शनिवार) को नीलामी कार्य नियमित रूप से संचालित होगा।

### महीनों से उपकरणों का उपयोग नहीं हो रहा, जिससे वो खराब होने की कगार पर हैं

# खेल परिसर बना अव्यवस्थाओं का अड्डाः शौचालय गंदे पानी की सुविधा ठप, जिम सामग्री बंद कमरे में कैद

सुबह के समय बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए स्टेडियम पहुंचते हैं, वहीं युवा खिलाड़ी नियमित अभ्यास करते हैं। लेकिन सुविधाओं की कमी अब उनके उत्साह पर भारी पड़ रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर का खेल एवं युवा कल्याण विभाग का खेल स्टेडियम, जो कभी खिलाड़ियों और शहरवासियों के लिए गौरव का केंद्र हुआ करता था, आज बदहाल व्यवस्थाओं के कारण उपेक्षा का प्रतीक बनता जा रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से तैयार इस खेल परिसर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव साफ नजर आ रहा है। इसका खामियाजा यहां आने वाले खिलाड़ियों, बुजुर्गों और मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है।

सुबह के समय बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए स्टेडियम पहुंचते हैं, वहीं युवा खिलाड़ी नियमित अभ्यास करते हैं। लेकिन सुविधाओं की कमी अब उनके उत्साह पर भारी पड़ रही है। परिसर में बने शौचालयों की हालत बेहद खराब है। गंदगी और बदबू के कारण उनका उपयोग करना मुश्किल हो गया है, जिससे विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों और बुजुर्ग महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गर्मी का असर बढ़ने के साथ पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। परिसर में वॉटर कूलर मशीन तो लगाई गई है, लेकिन वह अब तक चालू नहीं हो सकी है। आरओ सिस्टम और पानी की व्यवस्था एक कमरे में बंद पड़ी है, जिससे खिलाड़ियों और आम नागरिकों को ठंडा पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। ऐसे में लोगों को बाहर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। युवाओं के








लिए लाई गई जिम सामग्री भी उपयोग के अभाव में बंद कमरे में




कैद है। महीनों से उपकरणों का उपयोग नहीं हो रहा, जिससे वे खराब होने की कगार पर हैं। दूसरी ओर मैदान में लगी पुरानी व्यायाम मशीनें जर्जर हो चुकी हैं। इनका उपयोग करना जोखिम भरा साबित हो सकता है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

#### दीवारें पिल्लरों के सहारे टिकी

खेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था भी चिंताजनक बनी हुई है। मैदान की दीवारें सीमेंट से बनी हुई पिल्लरों के सहारे टिकी हुई हैं, जो किसी भी समय गिर सकती हैं। यह स्थिति विभागीय लापरवाही को उजागर करती है और संभावित खतरे की ओर संकेत देती है। हैरानी की बात यह है कि इस परिसर की देखरेख पर हर महीने हजारों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, इसके बावजूद साफ-सफाई और रखरखाव की स्थिति बेहद खराब है। जनप्रतिनिधि भी यहां मॉर्निंग वॉक के लिए पहुंचते हैं, लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आई है।

खेल विभाग की समन्वयक सुजाता मेडन ने बताया कि वॉटर कूलर मशीन उपलब्ध है, लेकिन उसे स्थापित करने के लिए कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि शौचालयों की नियमित सफाई कराई जाती है। मैदान में पानी देने वाली बोरिंग की मोटर खराब होने से समस्या आई है, जिसे सुधार के लिए भेजा गया है। साथ ही जिम सामग्री के लिए जल्द ही टीन शेड बनाकर उपयोग शुरू करने की बात कही गई है।

## जल संरक्षण का संदेश लेकर वार्ड-वार्ड पहुंच रहा 'जल गंगा संवर्धन अभियान'




**भैरूंदा।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 19 मार्च से 30 अप्रैल तक संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत नगर परिषद भैरूंदा में जागरूकता गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 10 में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वार्डवासियों को जल संरक्षण के महत्व और इसके व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के सीएमओ राम प्रसाद भावरे ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है और इसकी प्रत्येक बूंद का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने दैनिक जीवन में पानी की बचत करने, वर्षा जल संचयन को अपनाने और अनावश्यक जल व्यर्थ न करने की अपील की। साथ ही उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही सफल हो सकता है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मेहरबान, वार्ड प्रभारी वीरेंद्र यादव सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान सचिन पवार, राहुल सोलंकी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी भी उपस्थित रहे और अभियान के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई। अभियान के तहत नागरिकों को घर-घर जल संरक्षण के सरल उपाय अपनाने, जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचाने का संकल्प दिलाया जा रहा है। नगर परिषद द्वारा आगामी दिनों में अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जल बचाने का संदेश पहुंच सके।

## रामनवमी पर आज निकलेगा चल समारोह, महाआरती दोपहर 12 बजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर नगर में आज भव्य चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। नवा पारायण समिति बजरंग कुटी के तत्वावधान में आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम आज नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न होगा।

समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार चल समारोह प्रातः 10 बजे गायत्री मंदिर से प्रारंभ होगा। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां सजाई जाएंगी, जो नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेंगे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दोपहर 12 बजे आयोजित होने वाली महाआरती रहेगी। चल समारोह नगर भ्रमण के पश्चात छोटा बाजार स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचेगा, जहां भगवान श्रीराम का विशेष अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा। इसके उपरांत विधिवत महाआरती संपन्न होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति सदस्यों ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार इस भक्तिमय आयोजन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रामनवमी का यह पर्व समाज में धर्म, आस्था और मर्यादा का संदेश देता है, ऐसे में सभी को इस आयोजन में सहभागिता निभानी चाहिए।

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में वार्षिक उत्सव आयोजित

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किए गए प्रमाण-पत्र व पुरस्कार

**सीहोर।** सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में वार्षिक उत्सव के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा, अरूणा राय और सुदीप प्रजापति ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।



कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ शर्मा ने कहा कि "आसक्ति दुख का कारण है। हमें किसी से कोई अपेक्षा नहीं रखना चाहिए, बल्कि हमेशा देने की भावना रखनी चाहिए।" उन्होंने छात्रों को जीवन में सकारात्मक सोच एवं निस्वार्थ भाव अपनाने के लिए प्रेरित किया।

अरुणा राय ने विद्यार्थियों से आवाहन किया कि वे शिक्षा को गंभीरता से ग्रहण करें और अपने ज्ञान एवं कौशल के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। सुदीप प्रजापति और वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश चंद्र हिमानी ने विद्यार्थियों से शिक्षा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी पूर्ण निष्ठा और परिश्रम के साथ अध्ययन करें, तो उन्हें सफलता प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एमपी को कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में बना रहे आत्मनिर्भर प्रदेशः जसपाल सिंह अरोरा

**सीहोर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, सीहोर नगर पालिका एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर डॉ. मोहन यादव को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तो वहीं उन्हें राधा-कृष्ण की प्रतिमा भी भेंट की। वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अरोरा ने इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दीर्घायु और शतायु होने की बाबा महाकाल से कामना भी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जहां कृषि के क्षेत्र में कई नए प्रयोग किए जा रहे हैं तो वहीं उद्योग के क्षेत्र में भी लागतार आगे बढ़ा रहे हैं।



यही कारण है कि मध्यप्रदेश में कई बड़े-बड़े उद्योगपति निवेश कर रहे हैं। डॉ मोहन यादव ने नेतृत्व में मध्यप्रदेश के धार्मिक स्थलों का भी कायाकल्प कराया जा रहा है। मध्यप्रदेश का नाम अब देश के क्षितिज पर प्रमुख राज्यों में शुमार हो गया है। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्यप्रदेश को लगातार एक सशक्त और हर क्षेत्र में पूरी तरह से आत्मनिर्भर राज्य बनाने में जुटे हुए हैं।

श्री अरोरा ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश का नाम विश्व पटल पर प्रमुख रूप से आने लगा है, तो वहीं अब मध्यप्रदेश भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री निवास में श्री अरोरा ने अन्य वरिष्ठ नेताओं, कैबिनेट मंत्रियों सहित अन्य नेताओं से भी मुलाकात की। इस दौरान अरोरा मित्र मंडल एवं उनके समर्थक भी मौजूद रहे।

### मामला दर्ज कराने जनपद सीईओ को भेजा प्रतिवेदन

# प्रशासन सख्तः 13 किसानों पर 55 हजार का जुर्माना, प्रकरण दर्ज कराने भेजी सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

रबी फसल की कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की बढ़ती घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिला कलेक्टर बाला गुरु के के निर्देश पर तहसील भैरूंदा क्षेत्र में 13 किसानों पर कुल 55 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित किसानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जनपद पंचायत सीईओ को उनकी सूची भेजी गई है, ताकि प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। वहीं ग्राम अतरालिया के एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भी मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

तहसील कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसार नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद कई किसान गेहूं की कटाई के बाद खेतों में आग लगाकर फसल अवशेष नष्ट कर रहे हैं। यह न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि आसपास के खेतों, खड़ी फसलों और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। ग्रामीणों से मिली शिकायतों के आधार पर तहसीलदार



सौरभ शर्मा एवं राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पंचनामा तैयार किया। जांच के दौरान सीगांव, हालियाखेड़ी, मंडी, नीमाखेड़ी और पांगरी गांवों के कुल 13 किसानों को दोषी पाया गया। इसके आधार पर 2500 से 5000 रुपए तक का जुर्माना लगाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों ने अधिक क्षेत्र में नरवाई जलाई या लापरवाही बरती, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के तहत सीगांव निवासी शैतान सिंह पर 5 हजार रुपए, हालियाखेड़ी की प्रेमबाई पर 2500 रुपए तथा मूलचंद पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। इसी प्रकार मंडी गांव के आत्माराम और रावत सिंह पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। नीमाखेड़ी में मिश्रीलाल, मनोज और बैजन्तीबाई पर 5-5 हजार रुपए तथा ललताबाई पर 2500 रुपए का दंड अधिरोपित किया गया। वहीं पांगरी गांव में चार किसानों पर कुल 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया, जिसमें रावल्या पर 5 हजार रुपए तथा काशी राम, नकल सिंह और लक्ष्मण सिंह पर 2500-2500 रुपए का अर्थदंड शामिल है।

यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब क्षेत्र में नरवाई की आग के कारण कई किसानों की खड़ी और कटी फसलें जलकर नष्ट हो चुकी हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्रशासन का मानना है कि किसान अगली फसल, विशेषकर मूंग की बुवाई के लिए जल्दबाजी में नरवाई जला रहे हैं, लेकिन यह तरीका दीर्घकाल में नुकसानदायक साबित हो रहा है।

प्रशासन के अनुसार नरवाई जलाने से निकलने वाली जहरीली गैसें वातावरण को प्रदूषित करती हैं और मिट्टी की उर्वरता को भी प्रभावित करती हैं। इससे भूमि की गुणवत्ता घटती है और भविष्य की फसलों पर भी नकारात्मक असर पड़ता है।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि भविष्य में यदि नरवाई जलाने की घटनाएं सामने आती हैं, तो और अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थान से सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**कार्यालय तहसीलदार तहसील इछावर जिला-सीहोर (म.प्र.)**

प्र.क 0014/अ-20(अ)/2025-26
इछावर दिनांक 26/03/2026

:: इश्तेहारः ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण'को सूचित किया जाता है कि पंचायत दिवड़िया स्थित भूमिः खसरा क्रमांक 951/1 किता 01 कुल रकबा 2.023 हेक्टेयर में से रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि पंचायत भवन निर्माण हेतु आवंटित की जानी है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के आवंटन के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / आक्षेप हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 06/04/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।
उपर वर्णित स्थान अथवा निश्चित दिनांक तक आपत्ति एवं आवेदन पत्र पेश नहीं करने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेंगा।
आज दिनांक 26/03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार,
तहसील इछावर

**कार्यालय तहसीलदार तहसील इछावर जिला-सीहोर (म.प्र.)**

प्र.क 0013/अ-20(अ)/2025-26
इछावर दिनांक 26/03/2026

:: इश्तेहारः ::

एतद् द्वारा सर्व साधारणें को सूचित किया जाता है कि पंचायत दिवड़िया स्थित भूमि खसरा क्रमांक 487 किता 01 कुल रकबा 1.129 हेक्टेयर नोइयत मरघट में से रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि सामुदायकि भवन निर्माण हेतु आवंटित की जानी है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के आवंटन के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/आक्षेप हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 06/04/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।
उपर वर्णित स्थान अथवा निश्चित दिनांक तक आपत्ति एवं आवेदन पत्र पेश नहीं करने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांक 26/03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार,
तहसील इछावर

**कार्यालय तहसीलदार तहसील इछावर जिला-सीहोर (म.प्र.)**

प्र.क 0012/अ-20(अ)/2025-26
इछावर दिनांक 26/03/2026

:: इश्तेहार ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत दिवड़िया स्थित भूमि खसरा क्रमांक 984/1 किता 01 कुल रकबा 10.680 हेक्टेयर नोइयत निस्तार में से रकबा 3.000 हेक्टेयर भूमि खेल मैदान निर्माण हेतु आवंटित की जानी है। जिसके सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के आवंटन के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/आक्षेप हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 06/04/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।
उपर वर्णित स्थान अथवा निश्चित दिनांक तक आपत्ति एवं आवेदन पत्र पेश नहीं करने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांक 26.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार,
तहसील इछावर

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी में विद्या आरंभ प्रमाण पत्रों का वितरण किया



**चापड़ा।** नगर मे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा सामुहिक रुप से विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण समारोह मनाया गया, जिसमें उपस्थित नन्हे मुन्ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। कार्यक्रम हितग्राहियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और सुपरवाइजर की उपस्थिति में आयोजित हुआ। चापड़ा सेक्टर सुपरवाइजर ललिता जाट ने बताया कि बच्चों को आंगनबाड़ी और विद्यालय में विद्या प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विद्या आरंभ प्रमाण पत्र का वितरण आंगनबाड़ी केंद्र पर किया गया।

### डीजल पेट्रोल की किल्लत के चलते पेट्रोल पंप पर लगी वाहनों की कतार



**चापड़ा।** मंगलवार से डीजल पेट्रोल की किल्लत की अफवाह के बीच पेट्रोल पंपों पर वाहनों की कतार देखी जा रही है।मंगलवार को दोपहर बाद चापडा सहित आसपास के पेट्रोल पंपों पर डीजल पेट्रोल खत्म हो चुका था। वहीं सोमवार को इंदौर रोड पर स्थित के इंद्रा पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल लेने के लिए वाहनों की कतार सुबह से देखी गई, अफवाहें के चलते लोग डीजल पेट्रोल स्टॉक करने के लिए अपने वाहनों के साथ डिब्बे में भी डीजल पेट्रोल लाकर स्टाक कर रहे हैं। वर्तमान में किसानी कार्य भी चल रहा है, ऐसे में ट्रैक्टर चालक चिंतित नजर आ रहे हैं। हालांकि बुधवार के दिन इन्द्रा पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल वितरण किया गया वहीं चौराहे पर स्थित एक पेट्रोल पंप बंद रहा।

### काले धुएं से घिरा आसमान, दर्जनों दमकलों ने कड़ी मशक्कत कर बुझाई आग

# उज्जैन रोड बायपास पर पुराने टायर गोदाम में लगी भीषण आग, पांच घंटे में काबू पाया

### आग हादसे के बाद उठे सवाल टायर गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उज्जैन रोड बायपास पर स्थित पुराने टायर के गोदाम में बुधवार सुबह 6.15 बजे आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी लपटों में ले लिया। सूचना मिलने पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोदाम खेतों के बीच था और इसमें पुराने टायर भरे हुए थे। आग लगने के बाद आसमान में काले धुएं की लपटें कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रही थीं।

#### नुकसान का किया जा रहा आकलन

मौके पर पहुंची तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि आग पर अब नियंत्रण पा लिया गया है। गोदाम 'एकता फर्म' नाम से आवेश और शोएब खान द्वारा संचालित किया जा रहा था। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। नगर निगम के अभिनव चंदेल ने बताया कि उन्हें डायल 112 के जरिए आग की सूचना मिली। इसके बाद नगर निगम की तीन दमकलें, एक बीएनपी और एक आयशर कंपनी की फायर ब्रिगेड आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब पांच घंटे लगे। देवास के उज्जैन रोड बायपास पर स्क्रैप और पुराने टायरों के गोदाम में लगी भीषण आग के बाद अब सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बड़ी संख्या में पुराने टायरों का भंडारण करना सुरक्षा की दृष्टि से बेहद जोखिम भरा माना जाता है, क्योंकि टायर अत्यधिक ज्वलनशील होते हैं और आग लगने पर तेजी से फैलते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे गोदामों में आग लगने की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संसाधन होना जरूरी है। इसके साथ ही फायर विभाग से अनिवार्य रूप से फायर एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) लेना भी आवश्यक होता है। लेकिन अक्सर देखा जाता है कि कई स्थानों पर बिना उचित अनुमति और सुरक्षा इंतजामों के ही टायरों का बड़े पैमाने पर भंडारण किया जाता है।

#### पुनरावृत्ति रोकने उठाने होंगे कदम

भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक है कि प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं। इसके तहत राजस्व विभाग, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम का गठन कर गोपनीय तरीके से बड़े टीन शेड में किए गए भंडारण की जांच कराई जाए। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इन टीन शेड के अंदर किसी प्रकार का ज्वलनशील या अवैध सामग्री का भंडारण तो नहीं किया गया है। यदि समय रहते इस दिशा में सख्त कदम उठाए तो संभावित हादसों को रोका जा सकता है।



# कलेक्टर ने ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की बैठक ली

### पंपों पर ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में जिले में पेट्रोल/डीजल की नियमित आपूर्ति बनाये रखने के संबंध में ऑयल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों की बैठक ली गई। कलेक्टर सिंह ने सभी आईल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सभी पेट्रोल/डीजल पम्पों पर ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएं तथा जिला प्रशासन से समन्वय कर नियमित रूप से वस्तु स्थिति से अवगत कराएं। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी देवास को निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल, डीजल पम्पों पर वितरण व्यवस्था पर निगरानी रखी जाएं तथा पेट्रोल, डीजल की कालाबाजारी, जमाखोरी करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएं। कलेक्टर सिंह ने जिले के समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि जिले में पेट्रोल/डीजल एवं गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी प्रकार की घबराहट में अनावश्यक पेट्रोल/डीजल की खरीददारी करने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में विक्रय अधिकारी आईओसीएल कौषलेन्द्र यादव ने बताया कि कंपनी द्वारा डिपो से पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति सतत रूप से की जा रही है। आईओसीएल द्वारा आगामी दिवसों में डिपो से 24 घंटे पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति किये जाने के संबंध में भी विचार किया जा रहा है। विक्रय अधिकारी बीपीसीएल मेहफूज खान ने बताया कि डिपो से पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति जारी है। जिले में सभी आईल कंपनियों के कुल 186 पेट्रोल/डीजल पम्प संचालित है, जिनमें से 23 पम्प संचालकों द्वारा राशि जमा नहीं करने पर पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति बाधित हुई है, शेष सभी पम्पों पर संबंधित आईल कंपनियों द्वारा नियमित रूप से पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति की जा रही है। 25 मार्च की स्थिति में जिले के सभी पेट्रोल/डीजल पम्पों पर कुल पेट्रोल 730 के.एल. डीजल 1287 के.एल तथा पावर पेट्रोल 234 के.एल उपलब्ध है। जिले में किसी भी क्षेत्र में पेट्रोल/डीजल के अनुपलब्धता की स्थिति नहीं है।

# नगरीय निकाय में पेंडिंग कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने कलेक्टर ने निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने नगरीय निकायों में चल रहे कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि जो भी कार्य प्रगतिरत हैं उन कार्यों में गति लाएं तथा पेंडिंग कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों के लिए अगर भोपाल स्तर से कोई आदेश प्राप्त करना है तो नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर अनुमति प्राप्त कर कार्य को गति दें। उन्होंने नगरीय स्वच्छ अभियान की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकायों के सीएमओ से जानकारी प्राप्त की। आवास योजना की जानकारी जियोटेग अपडेशन नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। पीएम आवास योजना की जानकारी अपडेट करते रहें।साथ ही पेयजल उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिए कि जिले में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके लिए कार्य प्रारंभ कर दें। उन्होंने कहा कि जहां पेयजल की दिक्कत आ रही है, वहां प्राइवेट जल स्त्रोतों को अधिग्रहण कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने नल जल योजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने ब्लू स्टार कंपनी का कार्य संतोष जनक नहीं होने पर संबंधित विभाग के पीएस को डीओ लेटर लिखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने वन विभाग को निर्देश दिए कि जिले में स्थिति खिवनी अभ्यारण का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। इसके लिए आसपास के ग्रामीणों को प्रेरित करें उन्हें भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करें। खिवनी अभ्यारण में लोकल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हों जिससे यहां आने वाले पर्यटकों का मनमोहित हो सकें।

### विश्व क्षय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**चापड़ा।** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली पर विश्व क्षय दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत डॉ. हेमन्त पटेल, डॉ.दिनेश सोलंकी, डॉ.राजेश गुर्जर की उपस्थिति मे ब्लाक स्वास्थ्य अधिकारी अमित नागर के मार्गदर्शन में टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई और बीमारी के प्रति जागरूक किया। साथ ही क्षय रोगियो को पोषण आहार वितरित किया गया। कार्यक्रम में बीईई राधेश्याम चौहान, बीपीएम रतन जामले, बीसीएम यतिन्द्र बैरागी, नन्दकिशोर मोहवाल, सचिन खेरदे अदि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# गैस संकट के बीच उद्योगपतियों के साथ बैठक हुई





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खाड़ी देशों में जारी युद्ध के चलते देशभर में गैस संकट जैसे हालात बनने लगे हैं। उद्योगों को गैस की कमी से बचाने और उत्पादन को प्रभावित होने से रोकने के उद्देश्य से देवास औद्योगिक क्षेत्र में एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के कार्यालय में उद्योगपतियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एमपीआईडीसी, आपूर्ति विभाग, गैस कंपनियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने मिलकर समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। सभी संबंधित पक्षों ने भरोसा दिलाया कि वर्तमान स्थिति चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन सामूहिक प्रयासों से जल्द सुधार किया जाएगा। एमपीआईडीसी क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन के जनरल मैनेजर विनय प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि मौजूदा हालात को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। शासन, प्रशासन और गैस कंपनियां मिलकर काम कर रही हैं ताकि उद्योगों पर इसका न्यूनतम असर पड़े। उन्होंने उद्योगपतियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या की तत्काल जानकारी दें, जिससे उसका त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने गैस कोटे का 5 प्रतिशत हिस्सा उद्योगों के लिए आरक्षित किया है, जिससे काफी हद तक गैस संकट से राहत मिलेगी। साथ ही उद्योगों को वैकल्पिक ईंधन अपनाने और पाइप गैस कनेक्शन लेने की सलाह भी दी गई।

#### उद्योगपतियों ने रखी अपनी समस्याएं

एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अशोक खंडेलिया ने बताया कि वर्तमान में गैस सप्लाई का 6 महीने का एवरेज लिया जा रहा है, जो सही नहीं है क्योंकि इसमें सीजनल उतार-चढ़ाव शामिल हो जाता है। उन्होंने इसे 3 महीने का करने की मांग की। वहीं पहले उद्योगों को मिलने वाला 80 प्रतिशत गैस कोटा 65 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे अधिक खपत पर पेनल्टी रेट लगाने की बात कही जा रही है, लेकिन 15 मार्च के बाद की दरें स्पष्ट नहीं हैं, जिससे उद्योगपति असमंजस में हैं।

#### टीम वर्क से होगा काम

बैठक के अंत में जीएम तोमर ने एक बार फिर उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि यह एक अस्थायी स्थिति है और सभी विभाग मिलकर इसे जल्द सामान्य करेंगे। उन्होंने टीमवर्क पर जोर देते हुए कहा कि प्रशासन और उद्योग मिलकर काम करेंगे तो इस संकट से आसानी से बाहर निकला जा सकता है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने दिया ज्ञापन, निराकरण नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलनः चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं किसान शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर इकट्ठा हुए। जहां से सभी पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां राज्यपाल के नाम में ज्ञापन एसडीएम अभिषेक शर्मा को सोपा। ज्ञापन में कहा गया कि समिति के ऋण जमा करने की अंतिम तारीख 28 मार्च है जबकि गेहूं की एमएसपी खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी हमारी मांग है कि ऋण जमा की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए ताकि किसान अपनी गेहूं बिक्री के बाद बिना ब्याज के ऋण जमा कर सके। अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सोयाबीन आयल के टैक्स फ्री आयात को तत्काल रोका जाए इससे देसी सोयाबीन उत्पादको को भारी नुकसान हो रहा है और किसानों की आय प्रभावित हो रही है।

बरलाई शक्कर फैक्ट्री शिप्रा में देवास इंदौर जिले के हजारों किसानों ने एक हज़ार रुपए में शेयर खरीद कर फैक्ट्री की स्थापना की थी चुकी अब भूमि व्यापारी को दी जा रही है इसलिए किसानों को बाजार मूल्य के हिसाब से शेयर का मुआवजा दिया जाए। अनेक गांवों में बारिश एवं ओलावृष्टि से फसल का नुकसान हुआ है उसका तत्काल सर्वे कराया जाए तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा एवं फसल बीमा की राशि उपलब्ध कराई जाए। गेहूं की खरीदी को 4000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया जाए जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मुल्य मिल सके। गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल की उपलब्धता किसानो एवं आम नागरिकों को सुनिश्चित की जाए वहीं ग्रामीण क्षेत्र में किसानो को गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल की परेशानी को देखते हुए प्राथमिकता से ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन के पश्चात संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा कि अगर हमारी मांग 1 तारीख तक नहीं मानी गई तो हम कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर धरना देंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की रहेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जय सिंह ठाकुर, मनोज राजानी, शौकत हुसैन, तंवर सिंह चौहान, विक्रम मुकाती, पोपसिंह परिहार, ज्ञान सिंह दरबार, अजय सिंह राजोदा, प्रतीक शास्त्री, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### सीवियर बर्थ एस्फिक्सिया, खतरनाक स्तर तक गिरे प्लेटलेट्स के बावजूद डॉक्टरों ने बचाई जान

# 11 दिन वेंटिलेटर पर रही नवजात ने जीती जिंदगी की जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के हीरापुर बमोरी, बागली की एक नवजात बच्ची का गंभीर परिस्थितियों में इलाज कर जिला अस्पताल के एसएनसीयू के डॉक्टरों ने एक मिसाल पेश की है। जन्म के समय सीवियर बर्थ एस्फिक्सिया से जूझ रही इस बच्ची को डॉक्टरों की सतत निगरानी, आधुनिक इलाज और मां के स्नेह ने नई जिंदगी दी। करीब 25 दिन तक चले इलाज के बाद 23 मार्च सोमवार को बच्ची को स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया।

#### जन्म के साथ ही जिंदगी की जंग

27 फरवरी 2026 को ज्योति पति बलवान सिंह राजपूत निवासी हीरापुर बमोरी (बागली) की दूसरी संतान के रूप में बच्ची का जन्म पीएचसी करनावद में हुआ। जन्म के समय बच्ची का वजन 2.6 किलोग्राम था, लेकिन उसे सीवियर बर्थ एस्फिक्सिया की समस्या थी। हालत नाजुक होने पर तत्काल जिला अस्पताल के एसएनसीयू में रेफर किया गया। जन्म के तुरंत बाद बच्ची को लगातार दौरे (कन्वल्शन) आने लगे। स्थिति बेहद गंभीर थी। जिसे नियंत्रित करने के लिए डॉक्टरों ने 4 अलग-अलग प्रकार के इंजेक्शन बच्ची को लगाना पड़े। लगातार प्रयासों के बाद दौरे काबू में आए।इलाज के दौरान बच्ची का प्लेटलेट काउंट गिरकर मात्र 5,000 तक पहुंच गया, जो बेहद खतरनाक स्तर माना जाता है। इस स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों ने 3 बार प्लेटलेट्स और 2 बार एफएफपी ट्रांसफ्यूजन किया। कुल मिलाकर 5 बार ब्लड/प्लेटलेट सपोर्ट देना पड़ा।



#### 11 दिन वेंटिलेटर पर

गंभीर स्थिति के चलते बच्ची को लगातार 11 दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया। इसके बाद 2 दिन तक CPAP मशीन और 3 दिन ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। शॉक की स्थिति को देखते हुए आयनोट्रोप सपोर्ट भी दिया गया, जबकि संक्रमण से बचाव के लिए एंटीबायोटिक्स दिए गए। शिशु की गंभीर स्थिति के कारण एसएनसीयू टीम के सामने कई बड़ी चुनौतियां थीं। लगातार गिरते प्लेटलेट्स, बार-बार दौरे और श्वसन समस्या के बावजूद टीम ने धैर्य और सतर्कता से इलाज जारी रखा।

#### 25 दिन बाद मिली अस्पताल से छुट्टी

शिशु की हालत में सुधार होने पर उसे पहले नली के माध्यम से दूध दिया गया, फिर कटोरी-चम्मच से और बाद में मां का दूध पिलाया गया। इस दौरान मां को कंगारू मदर केयर (KMC) का प्रशिक्षण दिया गया। मां नियमित रूप से आईसीयू में जाकर बच्ची को कंगारू मदर केयर देती रहीं, जिससे शिशु को गर्माहट और भावनात्मक सहारा मिला। लगातार 25 दिन तक एसएनसीयू में इलाज और निगरानी के बाद बच्ची की स्थिति पूरी तरह स्थिर हो गई। 23 मार्च 2026 को उसे स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया। यह सफलता चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

#### डॉक्टरों की टीम का सराहनीय कार्य

इस सफलता के पीछे एसएनसीयू की टीम—डॉ. वैशाली निगम, डॉ. अंजु चाचरे, डॉ. अश्विन सिंह एवं नर्सिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा। सभी ने दिन-रात मेहनत कर बच्ची को नया जीवन देने में अहम भूमिका निभाई। वही बच्ची के पिता बलवान राजपूत ने बताया कि बच्ची का नाम हर्षिता रखा है वह अब पूर्णतः स्वस्थ है डॉक्टरों की कड़ी मेहनत के बाद हर्षिता को नया जीवन मिल पाया है।

### क्षेत्र की शांति भंग करने वाले चार हुड़दंगी पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र में हुड़दंग करने वाले चार बदमाशों को थाना कमालपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में बागली एसडीओपी संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन में की है। थाना कमलापुर प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि 24 मार्च की रात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर विवाद कर रहे हैं और शांति व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। सूचना की तस्दीक होने पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर हंगामा कर रहे बदमाशों को दबोच लिया। ये बदमाश मरने-मारने पर आमदा थे, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन रहा था। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय बागली के समक्ष पेश कर जेल भेजने कि वैधानिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम रमजान पिता नवाब मंसूरी उम्र 20,अल्ताफ पिता नवाब मंसूरी उम्र 27, निवासी कमलापुर,अनिल पिता ओमप्रकाश जाट उम्र 35 निवासी ग्राम करौंदिया,संजू पिता बद्रीलाल जाट उम्र 35 निवासी ग्राम करौंदिया को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया



**आष्टा।** 15 मार्च को सूचनाकर्ता द्वारा थाना आष्टा में उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना आष्टा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में अपहृता की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर क़स्बा गिदानी जिला दूधू राज्य राजस्थान से नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक प्रक्रिया पश्चात माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना प्रभारी आष्टा व टीम द्वारा मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 1200 किमी का सफर तय कर नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्रवाई में निरीक्षक सुनील मेहर, सउनि जगदीश धुर्वे, प्र आर महेन्द्र मेवाड़ा, आर शुभम मेवाड़ा आर अमन, आर कृष्णा दाँगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बकाया राशि जमा करने पर 31 तक मिलेगी छूट

**आष्टा।** नेशनल लोक अदालत के दौरान अधिभार में दी जाने वाली छूट को अब विभाग द्वारा 31 मार्च तक लागू कर दिया है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि संपत्तिकर, जलकर आदि की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार में दी जाने वाली छूट का लाभ उठाएं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम माह में बकायादारों से बकाया राशि जमा करवाने हेतु लोक अदालत का आयोजन किया गया था, जिसमें नगर के अनेक बकायादारों ने भाग नही लिया था। शेष बकायादारों से निकाय की बकाया राशि जमा कराने एवं लोक अदालत के समान छूट देने के लिए शासन द्वारा 31 मार्च तक यह प्रावधान लागू किया है। सीएमओ श्री प्रजापति ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि संपत्तिकर, जलकर सहित दुकान प्रीमियम की बकाया राशि कराएं और शासन द्वारा दी जाने वाली छूट का लाभ उठाएं।

### चर्च मैदान पर जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न

**सीहोर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत नवाचार एवं पारंपरिक खेल प्रोत्साहन हेतु जिला पंचायत सीहोर एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीहोर द्वारा जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता स्थानीय चर्च ग्राउंड सीहोर में समपन्न हुई। चर्च मैदान पर आयोजित हुई प्रतियोगिता के दौरान सभी विजेता खिलाडिय़ों को पुरस्कृत किया गया।

---

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेड़ापति तालाब के संरक्षण का कार्य शुरू

# जल स्त्रोतों का संरक्षण करना है, यह हमारे जीवन के आधार हैं: प्रजापति

नगर में स्थित खेड़ापति कमल तालाब पर निर्माणाधीन कार्यों के अतिरिक्त बाउंड्रीवाल का सुदृढ़ीकरण, रिटर्निंग वॉल, तालाब का गहरीकरण किया जाएगा। बीते दिनों हुआ था भूमिपूजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासन के निर्देशानुसार नगर सहित संपूर्ण प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में नगरपालिका द्वारा इस अभियान को मूर्तरूप दिया जा रहा है। अभियान के तहत खेड़ापति कमल तालाब पर निर्माणाधीन कार्यो के अतिरिक्त बाउंड्रीवाल का सुदृढ़ीकरण, रिटर्निंग वॉल, तालाब का गहरीकरण के साथ-साथ ग्रीन स्पेस विजस कार्य प्रस्तावित है। इस अभियान का शुभारंभ नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा संगम मंदिर स्थित नवीन घाट निर्माण कार्य के भूमिपूजन कर किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगरवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में ज्यादा से ज्यादा सहभागिता कर नगर में मौजूद प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पेड़-पौधों की सुरक्षा में आगे आए।

नपाध्यक्ष सीएमओ श्री प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोतों का संरक्षण करना है, यह हमारे जीवन के आधार हैं। इनके संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार और समाज दोनों को सजग रहने की जरूरत है। इसी के चलते संगम मंदिर स्थित नवीन घाट निर्माण भूमिपूजन से अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान 19 मार्च को पूरे प्रदेश में प्रारंभ हुआ जो 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा। अभियान के तहत वर्तमान में खेड़ापति कमल तालाब के जीर्णोद्धार के साथ-साथ बाउंड्रीवाल एवं नाले का निर्माण कार्य जारी है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर में होने वाले कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि पार्वती नदी एवं पपनास नदी के संगम स्थल पर नदी के कटाव के संरक्षण हेतु पिचिंग व सौंदर्यीकरण कार्य, नगरपालिका द्वारा चयनित एजेंसी के माध्यम से लगभग 550 मकानों में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जाएंगे, वहीं इंटेकवेल के समीप स्थित नवाबी शासनकाल में निर्मित बावडी एवं वार्ड 14 में स्थित बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य होना प्रस्तावित है।





इस अवसर पर पार्षद डॉ. सलीम खान, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, तेजसिंह राठौर, श्रीमती लता तेजपाल मुकाती, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, हिउस अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती, सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, व्यापार महासंघ अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूपेश राठौर, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, नगीनचंद्र जैन, कल्याणसिंह ठाकुर, बाबूलाल ठाकुर, प्रदीप धाड़ीवाल, कैलाश सोनी पांचम, गोविंद सोनी, प्रदीप राठौर, नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, हरिनारायण शर्मा, संजय सोनी बंटू, प्रेमनारायण जायसवाल, राजेश सोनी, गिरजा कुशवाह, भगवती सोनी, सुषमा कटारिया, जुगलकिशोर मालवीय, मनीष धारवां, पवन वर्मा, दशरथ मेवाड़ा, बबलू सुराना, राधेश्याम अलेरिया, ललित सुराना, चेतन छाजेड़, तेजसिंह ठाकुर, सुरेन्द्रसिंह ठाकुर, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, गबू सोनी, नवीन शर्मा, लखन वर्मा, राजेश राठौर, दीनानाथ परमार, पूरण मेवाड़ा, विजय मेवाड़ा, मनीष किल्लौदिया सहित नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।

---

# सत्संग के बिना मुक्ति संभव नहीं: मिट्ठुपुरा सरकार

**महिला मंडल द्वारा कथा आयोजित हो रही**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिद्ध संत के सत्संग से ही पूर्ण मुक्ति का रास्ता मिलता है। हम सबको पता है, की बाल्मिक जी का जीवन सत्संग से ही बदला था। अंतर इतना है। की आधे अधूरे संत की शरण में पूर्ण मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती। लोभी गुरु लालची चेला। दोनों नरक में ठेलम ठेला। सत्संग के बिना मुक्ति संभव नहीं।

पांच पहर काम किया, तीन पहर सोए। एक घड़ी ना सत्संग किया, फिर मुक्ति कैसे होय। उपरोक्त बहुत ही प्रेरक सुविचार सरकार ग्रुप, नागेश्वर महादेव महिला मंडल द्वारा वृंदावन कॉलोनी पर्वती नगर में आयोजित पांच दिवसीय दिव्य सत्संग के पांचवें दिन व्यास पीठ पर विराजमान श्री राम कथा भागवत कथा के मर्मज्ञ विद्वान, भागवत भूषण संत श्री मिटठुपुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए। आगे गुरुदेव द्वारा एक कहानी के माध्यम से सत्संग के महत्व को प्रतिपादित करते हुए सुनाया। एक भौंरा की एक गोबरीला कीड़े से मित्रता हो गई। तो भंवरे ने उस गोबर के कीड़े को अपने घर दावत पर आमंत्रित किया। गोबर मैं निवास करने वाला कीड़ा अपने मित्र के पास कमल के फूल पर गया। जीवन में पहली बार पुष्प की खुशबू मैं मस्त हो गया। फिर उसी समय माली आया। और उस फूल को तोड़कर भगवान के मंदिर में चढ़ा दिया। अब वह भंवरे के साथ भगवान के सर पर चढ़ा हुआ था। और थोड़ी देर बाद पुजारी आया, और सारे फूल को ले जाकर गंगा नदी में प्रवाहित कर दिया। एक श्रेष्ठ का संग पाकर गोबर में रहने वाला कीड़ा आज गंगा नदी में परम आनंद को प्राप्त किया। तुलसी बाबा लिखते हैं। मती, कीरति, गति, भूति, भलाई। जो जही जतन जहां जो पाई। सो जानव सत्संग प्रभाऊ। लोक न वेद न आन उपाऊ।

आयोजक समिति द्वारा पूज्य महाराज श्री और सभी संगीत कलाकारों का शाल श्रीफल तिलक कर विदाई की गई। आगामी वर्ष के लिए भी कथा का संकल्प लिया। इस अवसर पर रविंद्र सिंह ठाकुर, राजेश शर्मा, दीपक मेवाडा, डॉ राजेश ठाकुर, लाखन मर्दाखेड़ी, नरेंद्र सिंह ठाकुर सोनू मालवी, प्रदीप जैन, अजय कुशवाहा,बाबूलाल रोल खेड़ी, नेमावर वाले संत, पुजारी महाराज सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

---

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर नगर सीहोर में भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक गतिविधियों अंतर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर 25 मार्च को पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पोस्टर में रचनात्मकता और देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल्यों को समझाना था। प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से देश की सुरक्षा, सैनिकों के योगदान, साइबर सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ सुमन भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में डॉ शर्मिला गांगले, डॉ विजय कुमार यादव एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।




---

# मां जगदंबे के मंदिर में महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

चैत्र नवरात्रि का पर्व खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र रोलागांव, छापर, बड़कोला, बडघाटी, कन्नौद शिवजी, खामखेड़ा, बापचा बरामद, नौगांव, रामपुरा, आवली खेड़ा आदि गांव में नवरात्रि का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सभी गांव में मंदिरों को विद्युत साज साज्जा से सजाया गया है। पंडितों द्वारा पूरे विधि विधान से मंदिरों में हवन पूजन किया जा रहा वही ग्राम वासियों द्वारा महा आरती व कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को ग्राम खाचरोद में स्थित प्राचीन मां जगदंबे के मंदिर में महा आरती का आयोजन किया गया। जहां समस्त ग्राम वासियो द्वारा मां जगदंबे की पूजा अर्चना कर महा आरती की गई वह महाप्रसाद का वितरण किया इस मौके पर समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



---

# आगामी त्योहारों को लेकर एसपी ने थाना प्रभारियों से बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना आष्टा परिसर में आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आष्टा डिवीजन अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी और थाना आष्टा, पार्वती, जावर के साथ सिद्धिगंज के थाना प्रभारियों की उपस्थिति रही। जिसमे आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, तथा पुलिस बल की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखने एवं आमजन से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया।



---

# कलेक्टर ने लायरा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया कहा: स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं की जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवाई तहसील के आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायरा का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वाथ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार कि लापरवाही न हो। उन्होंने कई व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के उपचार, रिकॉर्ड संधारण एवं स्टाफ की उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिलना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप रहें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिले और किसी भी मरीज को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना आवश्यक है।



स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर गुप्ता।

---

कल शमशाबाद नगर में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

# 400 साल बाद नई भव्यता में सजे प्रभु श्रीराम, शमशाबाद रामनवमी उत्सव के ऐतिहासिक क्षण के लोग साक्षी बनेंगे



**35 लाख की राशि से किया गया पुर्ननिर्माण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

नगर एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है। लगभग 400 वर्ष प्राचीन श्री राम जानकी बड़ा मंदिर अब नए भव्य स्वरूप में भगवान श्रीराम के स्वागत के लिए तैयार है।

वर्ष 2022 में शुरू हुआ मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि आस्था, समर्पण और जनसहयोग की मिसाल बनकर उभरा है। जहां भक्तों ने तन, मन और धन से योगदान दिया। करीब 35 लाख रुपए की लागत से तैयार इस दिव्य श्रीराम मंदिर में 27 मार्च (रामनवमी) को प्रभु श्रीराम की पुनः प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान से हवन और पूजा-अर्चना के साथ संपन्न होगी।

यह अवसर पूरे नगर सहित क्षेत्र के लिए गर्व और उत्सव का प्रतीक बनने जा रहा है। 26 मार्च को नगर ने भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रीराम की झांकी नगर के प्रमुख मार्गों से होकर मंदिर तक पहुंचेगी। जहां हर गली जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठेगी। रामजानकी भक्त मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें, मंदिर पहुंचकर प्रभु के दर्शन करें और प्रसादी ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।



---

# ट्रैक्टर व भूसा मशीन चोरी के 2 आरोपी धराए

**17-18 मार्च की रात ट्रैक्टर व भूसा मशीन चुराकर ले गए थे चोर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर व भूसा मशीन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 12 लाख का मशरूका बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी पारेख पिता गुलाव खां निवासी ग्यारसपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17-18 मार्च की रात उसके घर के सामने खड़ा न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर व भूसा बनाने की मशीन चोरी हो गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने साक्ष्यों के आधार पर थाना त्योंदा क्षेत्र के ग्राम स्यावदा करीमपुर निवासी रामश्याम (28) और उसके भाई अमित (26) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने आर्थिक तंगी और कर्ज के चलते चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे मोटरसाइकिल से ग्यारसपुर आए और मौका पाकर ट्रैक्टर व मशीन चोरी कर बीना ले गए। पकड़े जाने के डर से उन्होंने रास्ते में वाहन की नंबर प्लेट फेंक दी और वाहन को छुपाकर बेचने की फिराक में थे। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गोकुल अजनेरिया, सहायक उप निरीक्षक दुर्गाशंकर माझी, प्रधान आरक्षक विमल चौहान आरक्षक देवेंद्र शाक्य आरक्षक जय श्रीवास्तव की भूमिका रही।



**ग्यारसपुर।** पुलिस गिरफ्त में आए चोरी के दोनों आरोपी।